## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 19.05.2026 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की देश से नक्सलवाद के पूर्ण खात्मे की घोषणा; पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के संपूर्ण विकास के लिए लॉन्च किया नया वैज्ञानिक प्रारूप।

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की पूर्वी क्षेत्रीय कृषि कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता, झारखंड समेत पांच राज्यों के प्रतिनिधि हुए शामिल, किसानों की आय बढ़ाने पर जोर।

- राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मिले रेलवे जीएम; राज्य में रेल सेवाओं के विस्तार, यात्री सुविधाओं को मजबूत करने और विभिन्न रेल परियोजनाओं को लेकर हुई चर्चा।

- भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विदेश दौरों को बताया बेअसर; निवेश और रोजगार पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग।
- राज्य में अगले सात दिनों तक बारिश, वज्रपात और तेज हवाओं का अलर्ट जारी,कल बोकारो और धनबाद में 60 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी।

**********************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में देश को नक्सल–मुक्त घोषित किया। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद से पीड़ित रहे क्षेत्रों के संपूर्ण विकास के लिए एक वैज्ञानिक प्रारूप लॉन्च किया जा रहा है। इसके तहत मुक्त हुए इलाकों में शिक्षा, बैंकिंग और रोजगार से बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा।

**********************

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पुरी में क्षेत्रीय कृषि कॉन्फ्रेंस की शुरुआत की। इसमें झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधि शामिल हैं। मंत्री ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, किसानों की आय बढ़ाना और दाल–तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देकर छोटे खेतों को लाभदायक बनाना है।

**********************

रांची के लोक भवन में आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने रांची से मुंबई के लिए प्रतिदिन रेल सेवा और नई दिल्ली के लिए अतिरिक्त ट्रेनें चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने रांची–लखनऊ रेल सेवा को भी शीघ्र प्रारंभ करने का अनुरोध किया। दूसरी ओर, महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन और रांची रेल मंडल के डीआरएम करुणानिधि सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस बैठक में राज्य में यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ करने और लंबित रेल परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने पर गंभीर चर्चा हुई।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज रांची में सीआईआई झारखंड के प्रतिनिधिमंडल ने भी मुलाकात की। सीआईआई स्टेट काउंसिल के अध्यक्ष दिलू पारिख और टाटा स्टील के उपाध्यक्ष डी.बी. सुंदर रमन ने दावोस आर्थिक मंच–2026 में झारखंड को मिले मजबूत निवेश प्रस्तावों के लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी और राज्य के औद्योगिक विकास में सहयोग की इच्छा जताई।

**********************

इस बीच रांची में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने संवाददाता सम्मेलन कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विदेश यात्राओं पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पेन, स्वीडन और दावोस दौरों को कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन राज्य में एक भी कंपनी ने निवेश नहीं किया है।

साउंड बाइट– प्रतुल शाहदेव रांची ऑन सीएम विदेश यात्रा – 26 सेकेंड

उन्होंने कहा कि दावोस यात्रा के बाद झारखंड को एआई और डेटा साइंस का हब बनाने का दावा किया गया था, जो जमीन पर विफल रहा। भाजपा ने इन यात्राओं के परिणामों पर श्वेत पत्र की मांग की है।

**********************

प्रदेश कांग्रेस ने ईंधन की बढ़ती कीमतों, नीट पेपर लीक और चुनाव आयोग के एसआईआर अभियान को लेकर रांची में आज प्रेस वार्ता की। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने चुनाव आयोग पर मतदाताओं का नाम काटने का आरोप लगाया, वहीं विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने देश में जाति आधारित जनगणना कराने की मांग दोहराई।

**********************

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी से जुड़े अपने पुराने आदेश में बदलाव की सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। जस्टिस विक्रम नाथ की पीठ ने स्पष्ट किया कि शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और स्टेशनों से आवारा कुत्तों को हटाने के निर्देश जारी रहेंगे। एक रिपोर्ट

**********************

रांची यातायात पुलिस ने पुलिस–स्टूडेंट संवाद श्रृंखला के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। मनन विद्या मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के पांच सौ से अधिक एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों, हेलमेट और सीट बेल्ट के नियमित उपयोग तथा ट्रैफिक सिग्नल के पालन के प्रति जागरूक किया।

**********************

जामताड़ा में साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2026 में जनवरी से अब तक सत्ताईस मामले दर्ज कर तिरेसठ अभियुक्तों को जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 से अब तक कुल सात सौ छह साइबर अपराधी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

**********************

राज्य में अगले सात दिनों तक मौसम बदला रहेगा। पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 50.3 मिलीमीटर बारिश सिमडेगा के ठेठईटांगर में दर्ज की गई। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में वज्रपात और 50 से 60 किलोमीटर रफ्तार की हवाओं को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कल बोकारो–धनबाद में ऑरेंज अलर्ट, जबकि रांची सहित कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 23 मई को रांची, हजारीबाग और चतरा समेत सात जिलों में तेज हवा और वज्रपात की चेतावनी है।

**********************

रांची के साउथ रेलवे कॉलोनी मैदान में बाईस मई से विशेष ग्रीष्मकालीन क्रिकेट शिविर का आयोजन होगा। रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी के इस शिविर में बालक–बालिकाओं को बैटिंग, बॉलिंग और फील्डिंग सिखाई जाएगी। बीसीसीआई के सीनियर वीडियो एनालिस्ट चंद्रदेव सिंह के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को वीडियो एनालिसिस के जरिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

*********समाप्त*************